

टेस्ट क्रिकेट बहुत महत्वपूर्ण है

आरसीबी टीम इस मैच में बड़ा स्कोर नहीं बना जिसकी वजह से उसे 6 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। विराट ने हाल में टीम इंडिया की टी20 कप्तानी और आरसीबी की कप्तानी छोड़ने की घोषणा की थी। कोहली आगामी टी20 विश्व कप के बाद टी20 में भारतीय टीम की कप्तानी नहीं करेंगे जबकि आईपीएल 2021 के बाद वह आरसीबी की भी कप्तानी छोड़ देंगे।

## विराट कोहली का धीमा खेलना समझ से परे: संजय मांजरेकर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल 2021 के 35वें मुकाबले में कप्तान विराट कोहली और देवदत्त पडीक्कल की सलामी जोड़ी ने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को धमाकेदार शुरुआत दिलाई। दोनों ने 13.2 ओवर में 111 रन जोड़े। कोहली ने इस मैच में 41 गेंदों पर 53 रन की पारी खेली। विराट ने शुरुआत तो तेज की लेकिन बाद में वह धीमे हो गए। सबके जेहन में एक ही सवाल है कि आखिर क्यों 40 रन बनाने के बाद उनकी स्ट्राइक रेट में गिरावट आई। एक समय विराट 26 गेंदों पर 40 रन बना चुके थे। इसके बाद उन्होंने धीमा खेलना शुरू किया। 40 बाद अगले 13 रन तक पहुंचने में विराट को 15 गेंदे खेलनी पड़ी। विराट के स्ट्राइक रेट पर भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर और वर्तमान में कॉमेंटेटर की भूमिका निभा रहे संजय मांजरेकर ने सवाल उठाए हैं। ईएसपीएन क्रिकइंफो से बातचीत में मांजरेकर ने कहा, मुझे लगा कि आज एक अलग तरह के विराट कोहली बल्लेबाजी कर रहे हैं। वह तेज गेंदबाजों के खिलाफ आगे बढ़कर मार रहे थे। वह एक टी20 ओपनर की तरह बल्लेबाजी कर रहे थे। हालांकि 40 रन बनाने के बाद वह धीमा हो गए। मुझे समय नहीं आया कि उन्होंने ऐसा क्यों किया।

# रोहित और विराट कोहली की कप्तानी की होगी परीक्षा

क्रिकेट

## आज के आईपीएल मुकाबले में एक दूसरे का सामना करेंगी दोनो टीमें

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

दुबई। मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) की टीमें रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मुकाबले में जब एक दूसरे का सामना करेंगी तो रोहित शर्मा और विराट कोहली की कप्तानी की परीक्षा होगी जो खराब लय को पीछे छोड़कर अपनी–अपनी टीमें के प्रदर्शन में सुधार करना चाहेंगे। भारतीय टीम के मौजूदा कप्तान कोहली और आगामी टी20 विश्व कप के बाद राष्ट्रीय टीम की बागडोर संभालने के प्रबल दावेदार रोहित की टीमों को पिछले मैचों में करारी शिकस्त मिली है।

आरसीबी अभी भी नौ मैचों में 10 अंकों के साथ शीर्ष चार में है, जबकि मुंबई की टीम लगातार दो हार के बाद नौ मैचों में आठ अंकों के साथ छठे स्थान पर खिसक गयी है। दोनों टीमों के शीर्ष क्रम



के भारतीय बल्लेबाज रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं। यह समस्या खासकर मुंबई इंडियंस के साथ ज्यादा है। टी20 विश्व कप में कोहली, रोहित, सूर्यकुमार यादव और ईशान किशन भारतीय बल्लेबाजी के मुख्य आधार में शामिल होंगे लेकिन पिछले मैच में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ कोहली की एक पारी को छोड़कर लीग के दूसरे चरण में सभी का प्रदर्शन लचर रहा है।

इसके अलावा हार्दिक पंड्या को मुंबई की अंतिम 11 में नहीं चुना जा रहा है क्योंकि वह शायद अपनी हरफनमौला जिम्मेदारी को निभाने के लिए 100 प्रतिशत फिट नहीं हैं। अगर हार्दिक बल्लेबाजी के लिए भी फिट होते हैं तो टीम में सौरभ तिवारी की जगह उन्हें मौका मिल सकता है। बड़ौदा का यह खिलाड़ी झारखंड के बाएं हाथ के बल्लेबाज तिवारी के मुकाबले इस प्रारूप में बेहतर माना जाता है। कोहली ने शारजाह में चेन्नई के खिलाफ अपना अर्धशतक पूरा करते हुए लय में आने का संकेत दिया।


मुंबई के उनके समकक्ष रोहित हालांकि कोलकाता नाइटराइडर्स के खिलाफ पिछले मैच में अपने रंग में नहीं दिखे। मुंबई के लिए सूर्यकुमार यादव और ईशान का लय में नहीं होना ज्यादा चिंता की बात है। खास बात यह है कि लीग का दूसरा चरण शुरू होने के बाद दोनों टीमों को चेन्नई और कोलकाता से हार का सामना करना पड़ा है। गेंदबाजी की बात करें तो मुंबई के लिए जसप्रीत बुमराह और बैंगलोर के लिए युजवेन्द्र चहल ने शानदार गेंदबाजी की है लेकिन दोनों को अपनी टीमों में दूसरे गेंदबाजों से बेहतर सहयोग नहीं मिला।

# गेंदबाजी कोच बोले चेन्नई को अब मिल चुका सबक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग के 14वें सीजन में चेन्नई सुपर किंग्स ने जोरदार वापसी की है। पिछले सीजन में प्लेआफ में पहुंचने में नाकाम रही टीम इस सीजन में लगातार टाप 3 में बनी हुई है। शुक्रवार को रायल चौलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ दमदार जीत के साथ टीम ने अंक तालिका में टाप पोजिशन हासिल किया।

चेन्नई के गेंदबाजी कोच एरिक सिमंस ने कहा, हमने पहले ही इस बारे में आपस में बात कर ली है कि आइपीएल के पहले चरण में हमारे लिए भारत में खेलते हुए किन चीजों ने काम किया था। हमने इस बारे में भी बातें की थी कि यहां यूएई में पिछली बार खेलते हुए क्या कुछ



गलत किया था। पता है चाहे कोई भी परिस्थिति हो आपको सीखने को मिलता है, खासकर अगर जो आपका बुरा प्रदर्शन रहा है तो फिर काफी ज्यादा सीखने को मिलेगा।

चेन्नई की टीम ने 9 मैच खेलकर अब तक 7 में जीत दर्ज करते हुए 14 अंकों के साथ पहला स्थान हासिल किया हुआ है। दिल्ली कैपिटल्स और चेन्नई की टीम के बीच पहले और दूसरे स्थान के लिए जबरदस्त जंग चल रही है। पिछले सीजन चेन्नई की टीम को शुरुआती मुकाबलों में हार की वजह से पहले दौर से ही बाहर होना पड़ा था। ऐसा पहली बार हुआ था जब टीम टूर्नामेंट से प्लेआफ खेले बिना वापस लौटी थी।

अब मैं आपको यह बताना चाहूंगा कि जो कुछ भी हमारे साथ पिछले सीजन में यहां खेलते हुए गलत गया, उससे हमारी टीम ने बहुत बड़ा सबक लिया। मुझे जो लगता है कि शायद जो पिछली बार और इस बार में सबसे बड़ा अंतर आया वो बल्लेबाजी में आक्रामकता है। हमने जो कुछ भी पिछली बार किया थे उससे कहीं ज्यादा आक्रामकता के साथ इस बार वापसी की है।

## न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के मना करने के बाद इस देश ने भरी सीरीज खेलने की हामी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के लिए एक राहत की खबर आई है। पिछले दिनों पहले न्यूजीलैंड के पाकिस्तान जाने के बाद दौरा रद्द करने और फिर इंग्लैंड के दौरे पर ना जाने की घोषणा करने से बोर्ड की काफी किरकिरी हुई थी। सुरक्षा कारणों की वजह से दोनों ही देशों ने पाकिस्तान में खेलने से मना कर दिया था। अब बोर्ड के लिए राहत की खबर यह है कि वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड की तरफ से यह आश्वासन दिया गया है कि दिसंबर में होने वाला उसका पाकिस्तान दौरा तय कार्यक्रम के मुताबिक ही होगा।

पाकिस्तान में मैच खेलने को लेकर इंग्लैंड और न्यूजीलैंड की क्रिकेट बोर्ड के मैच खेलने के मना करने के बाद वेस्टइंडीज ने यो जोखिम उठाने का फैसला लिया है। सुरक्षा कारणों की वजह से न्यूजीलैंड की टीम ने पाकिस्तान जाने के बाद दौरा रद्द किया था। वनडे सीरीज के शुरू होने से कुछ घंटे पहले ही न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने इस सीरीज को रद्द कर टीम के सभी खिलाड़ियों को वापस बुलाने का फैसला लिया था। इसके बाद इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने भी अपने आगामी पाकिस्तान दौरे को रद्द कर दिया।

## न्यूज डायरी



## रितुराज गायकवाड़ ने तोड़ा रोहित शर्मा का रिकार्ड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आइपीएल 2021 में सीएसके टीम के ओपनर बल्लेबाज रितुराज गायकवाड़ काफी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। यूएई लेग के पहले मैच में उन्होंने मुंबई के खिलाफ अपनी टीम के लिए नाबाद अर्धशतकीय पारी खेली थी और फिर दूसरे मैच में आरसीबी के खिलाफ बेहतरीन शुरुआत करते हुए टीम के लिए अहम 38 रन बनाए थे। रितुराज आउट होने से पहले डुप्लेसिस के साथ मिलकर पहले विकेट से लिए 71 रन की साझेदारी की थी और टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई थी। टीम को इसका काफी फायदा हुआ था और सीएसके ने आरसीबी को 6 विकेट से हराने में सफलता हासिल की थी। इस जीत के बाद सीएसके अंकतालिका में पहले नंबर पर भी पहुंच गई। आरसीबी के खिलाफ रितुराज गायकवाड़ काफी अच्छी लय में थे और बेहतरीन पारी खेल रहे थे। उन्होंने 26 गेंदों पर एक छक्का और 4 बेहतरीन चौकों की मदद से 38 रन बनाए, लेकिन उनकी पारी का अंत युजवेंद्रा चहल ने किया और विराट कोहली ने उनका कैच पकड़ लिया।

## सीएसके प्लेआफ में पहुंच जाए उसके बाद धौनी को करना चाहिए बदलाव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। महेंद्र सिंह धौनी की कप्तानी में आइपीएल 2021 में चेन्नई सुपर किंग्स पूरी तरह से चमक रही है और गजब का खेल दिखा रही है। ये टीम अब तक 9 में से 7 मैच जीत चुकी है और अंक तालिका में दिल्ली को पीछे छोड़कर पहले नंबर पर पहुंच गई है। सीएसके ने यूएई लेग पहले मैच में मुंबई और फिर आरसीबी जैसी मजबूत टीम को हरा दिया जिससे पता चलता है कि इस टीम का इरादा क्या है। वैसे तो धौनी इस सीजन में काफी नीचे बल्लेबाजी करने आते थे, लेकिन आरसीबी के खिलाफ वो थोड़ा उपर उतरे और टीम को जीत दिलाकर मैदान से बाहर गए। अब सीएसके टीम के बारे में टीम इंडिया के पूर्व ओपनर बल्लेबाज गौतम गंभीर ने बाते करते हुए कहा कि अगर ये टीम इस सीजन में प्लेआफ में पहुंच जाती है तो इसके बाद कप्तान धौनी को अपनी बल्लेबाजी में बदलाव करने की जरूरत है। स्टार स्पोर्ट्स पर बात करते हुए गंभीर ने कहा कि एक बार ये टीम अगर प्लेआफ में पहुंच जाती है तो धौनी को बल्लेबाजी के लिए नंबर चार पर आना चाहिए।

## बॉक्सर मां के चरणों में रखना चाहता था गोल्ड मेडल, लेकिन घर पहुंचा तो..

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय बॉक्सर आकाश कुमार चाहते थे कि वह नेशनल चैंपियन बनने के बाद गोल्ड मेडल को अपने मां के चरणों में रखें, लेकिन उनका यह सपना पूरा नहीं हो सका। बेल्लारी में आयोजित नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में आकाश ने दिग्गज मुक्केबाजों को मात देकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। गोल्ड मेडल जीतने के बाद आकाश बेल्लारी से बस में सवार होकर 6 घंटे बाद बैंगलोर पहुंचे। इसके बाद उन्होंने सुबह में दिल्ली की फ्लाइट पकड़ी। दिल्ली एयरपोर्ट उतरने के बाद यह प्रतिभावान बॉक्सर बहादुरगढ़ के लिए मेट्रो में सवार हुआ। इसके बाद वह कैब लेकर भिवानी स्थित पलुवास अपने गांव पहुंचा। यह 20 वर्षीय मुक्केबाज बेल्लारी से गांव पहुंचने तक रास्ते में यही सोचता रहा कि वह घर पहुंचकर इस गोल्ड मेडल को मां के चरणों में रखेगा।

## 75 साल के हुए पूर्व स्पिनर बिशन सिंह बेदी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट के इतिहास में ऐसे कई धुरंधर खिलाड़ी रहे हैं जिन्होंने अपने प्रदर्शन और खेलने के तरीकों से एक नया मुकाम बनाया है। इसी सूची में बिशन सिंह बेदी का नाम भी शामिल हैं। टीम इंडिया के पूर्व कप्तान और बायें हाथ के दिग्गज स्पिनर बिशन सिंह बेदी शनिवार को 75 वर्ष के हुए। वह यारों के यार हैं और स्पिनरों के सरदार हैं। स्पिन की कला में महारथ हासिल करने वाले बिशन का जन्म 25 सितंबर 1946 को पंजाब के अमृतसर में हुआ था। बिशन भारत के लिए 13 सालों तक 1966 से 1979 तक का हिस्सा रहे। बेदी ने 67 टेस्ट मैचों में 266 विकेट और 10 वनडे में सात विकेट हासिल किए।